(System PSY.)

Dr. Sunil Kr. Suman
Assistant Professor (Guest)
Dept. of Psychology.
D.B. Colleg Jaynagar
L.N.M.U. Darbhanga

Study material
B.A. Part-II (H)
Paper—IV
Date:- 22-10-20
Do-Next class

Neo- Freudians

Contribution of Karen Horney

(2) स्नायुविकृत आवश्यकताएं तथा स्नायुविकृत प्रवृत्तियाँ (Neurotic needs neurotic trends):-

जब व्यक्ति अपनी जिंदगी की बहुत सारी समस्याओं का समाधान नहीं कर पाता है जिसके कारण उसे बार-बार असफलता ही हाथ लगती है तो उसमें कुछ विशेष आवश्यकताएं उत्पन्न हो जाती है। इन आवश्यकताओं को हॉर्नी ने स्नायुविकृत आवश्यकता (Neurotic needs) कहा है क्योंकि इससे कोई संगत समाधान (Rational Solution) होता नहीं है। ऐसी आवश्यकताएं सामान्य एवं मनःस्नायु विकृत (Psychoneurotic) दोनों तरह के लोगों में उत्पन्न होता है।

हॉर्नी के अनुसार मनःस्नायुविकृति (Psychoneurosis) की उत्पत्ति अहं (Ego), उपाहं (Id), तथा पराहं (Super Ego) के बीच संघर्ष से नहीं होता है, बल्कि व्यक्ति तथा उसके वातावरण के बीच संघर्ष (Conflict) होने से उत्पन्न होता है। इस तरह से हॉर्नी ने फ्रायडीयन व्यवस्था में व्यक्ति के कारकों पर बल डालकर कुछ तब्दीली किया है। हॉर्नी ने स्पष्ट किया की स्नायुविकृत व्यक्ति हमेशा निम्नांकित तीन दिशाओं में से किसी एक दिशा में अवश्य ही अपने आपको ले जाता है।

Scanned with CamScanner

(i) व्यक्तियों की ओर झुकने की प्रवृत्ति (Moving Towards People):- इस तरह की स्नायुविकृति की प्रवृत्ति में व्यक्ति में अतिअनुपालनशीलता (over compliance) का गुण पाया जाता है। व्यक्ति दूसरों का स्नेह, स्वीकृति तथा अनुमोदन प्राप्त करने के लिए उनकी प्रत्येक इच्छा के अनुकूल कार्य करने के लिए तत्पर रहता है।

(ii) व्यक्तियों के विरुद्ध होने की प्रवृत्ति (Moving against People):- इस तरह की प्रवृत्ति में व्यक्ति में दूसरों के प्रति आक्रामकता तथा विद्वेष पाया जाता है।

(iii) व्यक्तियों से दूर हटने की प्रवृत्ति (Moving away from People):- इस प्रवृत्ति में व्यक्ति दूसरे का सामना नहीं करना चाहता है उससे दूर हटने की कोशिश करता है, और एकान्तप्रिय हो जाता है।

वोलमैन (Wolman, 1979) के अनुसार इन तीनों तरह के स्नायुविकृति प्रवृत्तियों (neurotic trends) के पीछे एक उभयनिष्ठ कारक (common Factor) होता है जिसे उन्होंने सामाजिक कुसमायोजन (Social maladjustment) कहा है।

Next class